हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
मंगलवार, 11 अगस्त 2020, बरेली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण, नगर
www.livehindustan.com

PAGE NO. 5 : MIDDLE

एसआरएमएस मॉलिक्यूलर लैब को एनएबीएल मान्यता

बरेली | वरिष्ठ संवाददाता

एसआरएमएस आईएमएस की मॉलिक्यूलर लैब को एनएबीएल ने मान्यता दे दी। मेडिकल कालेज के माइक्रोबायोलाजी विभाग द्वारा संचालित इस लैब को क्वालिटी और स्टैंडर्ड में पास होने पर एनएबीएल सर्टिफिकेट दिया गया है। इससे यहां की जांच रिपोर्ट अब पूरे देश में स्वीकार्य की जाएंगी।

यह जानकारी माइक्रोबायोलाजी विभाग के एचओडी व मॉलिक्यूलर लैब के डायरेक्टर डॉ. राहुल कुमार गोयल ने दी। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति ने भी बधाई दी और कहा कि यह सर्टिफिकट मरीजों का हम पर विश्वास और बढ़ाएगा। मेडिकल कालेज के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति ने इसके लिए टीम के प्रयासों की सराहना की। मान्यता और सर्टिफिकेट आज मेडिकल कालेज को प्राप्त हुआ। अब यहां की जांच रिपोर्ट एनएबीएल के लोगो के साथ जारी होंगी। जो देश के सभी अस्पतालों द्वारा स्वीकार की जाएंगी।

डॉ. गोयल ने इसके लिए एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति जी और डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति का आभार जताया और अपनी टीम में शामिल डॉ. वंदना सरदाना, डॉ. नीलम गुप्ता, डॉ. फौजिया खान, डॉ. मोहन सिंह और क्वालिटी विभाग के डॉ. तारिक मुहम्मद व निशी भारद्वाज को भी धन्यवाद दिया।